प्रेस नोट

दिनांक 22 जून, 2022। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ0 राकेश कुमार, पूर्व आई.ए.एस. द्वारा सख्त कदम उठाते हुए विभिन्न विश्वविद्यालयों के 25 विषय–विशेषज्ञों को उनके द्वारा मानकों के अनुरूप कार्य न करने जैसे प्रश्नों की संरचना में त्रुटि किया जाना आदि के दृष्टिगत आयोग के परीक्षाओं सम्बन्धी समस्त कार्यों से स्थायी तौर पर पैनल से हटा दिया गया है। इस सम्बन्ध में आयोग के परीक्षा नियन्त्रक को निर्देशित किया गया है कि विभिन्न महत्वपूर्ण परीक्षाओं यथा– सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा(पीसीएस), सम्मिलित राज्य अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा(लोवर पीसीएस), सम्मिलित राज्य अभियन्त्रण (ए0ई0)सेवा परीक्षा, संयुक्त कनिष्ठ अभियन्ता (जे0ई0) परीक्षा, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय आदि की आगामी परीक्षाओं एवं साक्षात्कार के लिए विषय–विशेषज्ञों के उच्च मानदण्ड को बनाए रखा जाए और इसके लिए देश के श्रेष्ठ संस्थानों से पत्राचार कर उन संस्थानों के प्रतिष्ठित एवं अनुभवी विषय–विशेषज्ञों को ही पैनल में शामिल किया जाए। इसके लिए शुरूआत करते हुए देश के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों को ऑनलाईन लिंक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है, इस हेतु ऑनलाईन एप्लीकेशन सोफ्टवेयर के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

इसी कड़ी में लगभग 100 विषय–विशेषज्ञों का अनुमोदन किया गया है तथा लगभग 350 विशेषज्ञों के बायो–डाटा का विश्लेषण गतिमान है। आयोग के अध्यक्ष डॉ0 राकेश कुमार द्वारा पैनल का विस्तार करते हुए उसमें लगभग 1000 विषय–विशेषज्ञों को शामिल किये जाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए सम्बन्धित को अग्रेतर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

Scanned with CamScanner